श्याम प्यारे की है सरकार हमें डर काहे को लिरिक्स

श्याम प्यारे की है सरकार,
हमें डर काहे को,
काहे को डर काहे को,
नीले वाले की है सरकार,
हमें डर काहे को।bd।

धन दौलत और माल खज़ाना,
मुझको श्याम ना चाहिए,
इस जीवन की एक ही इच्छा,
घर मेरे भी आइये,
अपनों श्याम धणी है सरकार,
हमें डर काहे को,
नीले वाले की है सरकार,
हमें डर काहे को।bd।

जो भी सेवा बनी है हमसे,
उसको तुम स्वीकार करो,
दास तेरे दरबार खड़े हैम ,
सर पे दया का हाथ धरो,
बाबा सब पर लुटावे अपनों प्यार,
हमें डर काहे को
नीले वाले की है सरकार,
हमें डर काहे को।bd।

सेठों का तू सेठ कहाये,
लखदातार कहता है,
द्वार पे जो भी रोता आये,
हँसता हँसता जाता है,
पल में दुखियों की सुनले पुकार,
हमें डर काहे को,
नीले वाले की है सरकार,
हमें डर काहे को।bd।

जिसको मिली है श्याम चाकरी,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

वही तो किस्मत वाला है,
पल में कष्ट मिटाये सबके,
यही वो खाटू वाला है,
'राज' कहता है बारम्बार,
हमें डर काहे को,
नीले वाले की है सरकार,
हमें डर काहे को।bd।

श्याम प्यारे की है सरकार,
हमें डर काहे को,
काहे को डर काहे को,
नीले वाले की है सरकार,
हमें डर काहे को।bd।

Singer – Mamta Bharti

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com